**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 19.12.2025** **समय : 1905**

1. हैदराबाद में राज्य लोक सेवा आयोगों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर बल दिया।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पश्चिम बंगाल और असम में बत्तीस सौ करोड़ रूपए की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।
3. कैम्पबेल बे में पिछले चार महीने से एल पी जी आपूर्ति ठप्प। ग्रामीणों ने समाधान को लेकर दूसरी बार सहायक आयुक्त से मुलाकात की।
4. अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक की आम सभा बैठक सम्पन्न। अध्यक्ष ने बैंक की समृद्धि के लिए सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हैदराबाद में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भर्ती करते समय लोक सेवा आयोगों को ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने राज्य लोक सेवा आयोगों को भरोसेमंद सरकारी संस्थानों में से एक बताते हुए राष्ट्रीय और राज्य आयोगों से उभरती चुनौतियों का अनुमान लगाने और विश्वसनीयता को अधिकतम महत्व देते हुए खुद को तैयार करने के लिए कहा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल की यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री नदिया जिले के रानाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री सभा को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी लगभग तीन हजार दो सौ करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क का काम करेंगी। इनसे यात्रा का समय लगभग दो घंटे कम हो जाएगा। इससे वाहनों की आवाजाही तेज और सुगम हो जाएगी। प्रधानमंत्री कल से शुरू होने वाले दो दिवसीय असम यात्रा पर भी जाएंगे। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री लोकप्रिय गोपीनाथ बरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। अपनी यात्रा के अंतिम दिन, श्री मोदी गुवाहाटी के बोरागांव स्थित शहीद स्मारक क्षेत्र में ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बाद में, प्रधानमंत्री असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड की अमोनिया–यूरिया परियोजना का भूमि पूजन करेंगे।

<><><><><><>

संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल तक स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्नीस दिन का शीतकालीन सत्र आज समाप्त हो गया। पहले लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया और उसके बाद राज्यसभा को स्थगित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में कहा कि सदन की कार्यवाही लगभग एक सौ ग्यारह प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि़ सदन की कुल पन्द्रह बैठकें हुई। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद भी दिया। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने विदाई भाषण में कहा कि सदन करीब बानवे घंटे चला और एक सौ इक्कीस प्रतिशत कामकाज हुआ। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान और उनसठ निजी विधेयक पेश किए गए और यह सत्र ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक महत्व के मुद्दों पर उच्च गुणवत्ता वाली बहस और चर्चाओं के लिए जाना जाएगा। 'इसके साथ ही सदन ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर एक विशेष चर्चा की, जिसमें बयासी सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि सदन ने चुनाव सुधारों पर भी चर्चा की, जिसमें सत्तावन सदस्यों ने देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। श्री राधाकृष्णन ने कल की बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा पैदा की गई बाधा पर चिंता व्यक्त की।

<><><><><><>

पर्यटन मंत्रालय अगले वर्ष बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी– एम आई सी ई, पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए नगर–स्तरीय सम्मेलन संवर्धन ब्यूरो की स्थापना करेगा। पर्यटन मंत्रालय के अपर–सचिव और महानिदेशक सुमन बिल्ला ने आज नई दिल्ली में आई ई आई ए इवेंटटेक और मार्टेक समिट 2025 का उद्घाटन करते हुए इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्य वैश्विक एम आई सी ई मानचित्र पर भारत को प्रमुख स्थान दिलाने के लिए अतुल्य भारत अभियान के अंतर्गत अनूठे

तरीके से पर्यटन के अवसरों को खोल रहे हैं। श्री बिल्ला ने कहा कि पेशेवर सिटी एमआईसीई ब्यूरो की स्थापना अनुमति और स्थानीय साझेदारी के लिए एकमात्र समन्वयक के रूप में काम करेगा। यह राष्ट्रीय एम आई सी ई रणनीति के आधार का निर्माण करेगा।

<><><><><><><>

लक्ष्मी नगर पंचायत और कैंपबेल बे पंचायत के निवासियों ने पिछले चार महीनों से एल पी जी गैस की आपूर्ति न होने को लेकर दूसरी बार सहायक आयुक्त डॉ. केशव नरेंद्र सिंह से मुलाकात की। उपभोक्ता सहकारी समिति द्वारा गैस सिलेंडरों के वितरण में हो रही देरी के कारण लोगों को दैनिक जीवन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए केरोसिन तेल की आपूर्ति पूरी तरह बंद है और वन विभाग की अनुमति के बिना जलावन लकड़ी एकत्र करने की भी मनाही है, जिससे क्षेत्र में ईंधन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। बैठक के बाद सहायक आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इक्कीस दिसंबर को एमवी मैनोव स्टार जहाज के माध्यम से एक हजार पांच सौ एलपीजी सिलेंडर कैंपबेल बे लाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिलेंडरों का वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा और समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की साठवीं आम सभा बैठक कल बैंक के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष गौरांग दत्ता ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नंद किशोर सिंह, बैंक के निदेशक मंडल, पी ए सी एस के सदस्य, विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशक (प्रभारी) रघुबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक ने वर्ष 2024–25 में अड़तीस दशमलव छप्पन लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है तथा बेहतर ग्राहक सेवा के लिए कोर बैंकिंग प्रणाली के नए संस्करण में उन्नयन किया गया है। अध्यक्ष गौरांग दत्ता ने सभी सुझावों पर विचार कर बैंक की प्रगति एवं समृद्धि के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान सदस्यों एवं प्रबंधन के बीच भविष्य की योजनाओं को लेकर संवाद भी हुआ। अंत में महाप्रबंधक (बैंकिंग) अभिनव पाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के विद्युत विभाग ने आम उपभोक्ताओं एवं सरकारी विभागों को सूचित किया है कि बिडनाबाद में एयर ब्रेक स्विच के आवश्यक रखरखाव तथा बर्मानाला से चिड़ियाटापू के बीच हाई टेंशन लाइन की मरम्मत के कारण कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान बर्ड लाइन, महावीर नगर, कामराज नगर, बिडनाबाद, रंगाचांग तथा बर्मानाला से चिड़ियाटापू तक के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विभाग ने बताया कि कार्य समय से पहले पूरा होने पर बिजली आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए विभाग ने किसी भी समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग की वेबसाइट अथवा टोल–फ्री नंबर के माध्यम से संपर्क करने की अपील की है।

<><><><><><><>